# Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

| | |
|---|---|
| Recruitment | Entertainment & Event |
| Property | Hobbies & Interests |
| Business Opportunity | Services |
| Vehicles | Jewellery & Watches |
| Announcements | Music |
| Antiques & Collectables | Obituary |
| Barter | Pets & Animals |
| Books | Retail |
| Computers | Sales & Bargains |
| Domain Names | Health & Sports |
| Education | Travel |
| Miscellaneous | |

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# पिथौरागढ़ के महिला अस्पताल में अब रोज होगा अल्ट्रासाउंड

**खबर का असर**

## मुख्यमंत्री ने पेज थ्री में प्रकाशित खबर का लिया संज्ञान

भाजपा विधायक चंन्द्रा पंत व जिलाध्यक्ष भाजपा ने पेज थ्री का जताया आभार

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। पिथौरागढ़ के महिला अस्पताल में सीमावर्ती व अन्य दूसरे जिले से आने वाली गर्भवती महिलाओं को अब अल्ट्रासाउंड कराने के लिए परेशान नही होना पड़ेगा। जानकारी के मुताबिक पेज थ्री द्वारा बीते सोलह सितम्बर के अंक में सीमांत जिले के महिला अस्पताल में रेडियोलाजिस्ट की कमी के चलते जिले में दूर दराज से अल्ट्रासाउंड कराने आने वाली गर्भवती महिलाओं के संदर्भ में हो रही दिक्कतों के मामले पर पेज थ्री द्वारा प्रमुखता खबर को प्रकाशित किया गया था। हाल ही में सीमांत जनपद पिथौरागढ़ के जिले में भ्रमण के दौरान आये मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिह रावत ने पेज थ्री पर प्रकाशित समाचार का तुरंत संज्ञान लेने के बाद जिले के महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड कराने आने वाली गर्भवती महिलाओं के लिए अल्मोड़ा के सीएचसी सेंटर द्वाराहाट में तैनात रेडियोलाजिस्ट डाक्टर बदरूल कमर का जिला महिला अस्पताल पिथौरागढ़ में तैनात करवा दिया है।




बता दें कि अब जिले के महिला अस्पताल में नियमित रेडियोलाजिस्ट की नियुक्ति होने से दूर दराज के अन्य दूसरे सीमावर्ती जिलों से अल्ट्रासाउंड के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं को व अन्य रोगियों को अल्ट्रासाउंड कराने के लिए इधर उधर नही भटकना पड़ेगा। जिले में रेडियोलाजिस्ट के पांच पद स्वीकृत है। आलम यह है कि जिले के अस्पताल में लंबे अर्से से रेडियोलाजिस्ट का पद खाली चल रहा था। जानकारी के मुताबिक इससे पूर्व कभी मुख्य विकास अधिकारी डाक्टर गहरवार व लोहाघाट से डाक्टर एलएम खोलिया सप्ताह में एक दिन के लिए जिला महिला अस्पताल में गर्भवती महिलाओं व अन्य मरीजों का इलाज करने के लिए जिले में आया करते थे। वही कोरोना के बढ़ते संक्रमण के कारण खोलिया ने जिले में आना छोड़ दिया। जिले की गर्भवती महिलाओं को अस्पताल के बजाए जिले के प्राइवेट निजी क्लीनिक के संचालकों के संस्थान में जाकर मोटी रकम खर्च करने के बाद घंटों इन क्लीनिकों के आगे खड़े रहने को मजबूर होना पड़ता था। अब जिले में आने वाली गर्भवती महिलाओं को इस परेशानी से निजात मिलने लगेगा। जिले की विधायक चन्द्रा पंत ने पेज थ्री में प्रकाशित खबर का मुख्यमंत्री द्वारा संज्ञान लिये जाने पर पेज थ्री समाचार पत्र का हार्दिक आभार जताया है।

चन्द्रा पंत ने कहा कि पेज थ्री समाचार पत्र के माध्यम से जिले में सामाजिक जन समस्याओं को उजागर करने के लिए जो उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है उसके लिए पेज थ्री आभार प्रकट करने के लायक है।

वही भाजपा जिला अध्यक्ष ने भी पेज थ्री पर प्रकाशित खबर की पहल का मुख्यमंत्री द्वारा तत्काल संज्ञान लिये जाने पर आभार जताया है।

## न्यूज डायरी

### अस्थाई जेल से फरार दो ओर कैदी पुलिस ने दबोचे

**संवाददाता** हरिद्वार। रोशनाबाद अस्थाई जेल से फरार दो ओर कैदियों को लंढौरा से गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दो कैदी अभी भी फरार हैं, जिनकी सरगर्मी से तलाश में जनपद की पुलिस जुटी हुई है। बता दें कि अस्थाई जेल से 8 कैदी मंगलवार की सुबह फरार हुए थे। जिनमें चार कैदियों को कुछ घण्टों बाद ही कलियर और रानीपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिये थे। जिनमें जेल में बंद कुख्यात कलीम और नरेन्द्र वाल्मीकि के शूटर व गुर्गे शामिल थे। पुलिस अब तक फरार आठ कैदियों से छह कैदियों को गिरफ्तार कर चुकी है। जबकि दो कैदी अभी भी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस जुटी है। सिडकुल एसओ लखपत सिंह बुटोला ने बताया कि फरार कैदियों में दो ओर कैदियों को लंढौरा से गिरफ्तार कर लिया गया है।

### बिना अन्न ग्रहण किये कल से अपनी डयूटी करेंगे: दिनेश लखेड़ा

**संवाददाता** हरिद्वार। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाएं उत्तराखंड के आह्वान पर प्रदेश के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पिछले सात सितंबर से आंदोलनरत हैं, लेकिन महानिदेशालय और निदेशालय और आयुर्वेद विश्वविद्यालय की ओर से कोई गम्भीरता नहीं दिखाई गयी है। प्रदेश अध्यक्ष मनवर सिंह नेगी और महामंत्री दिनेश लखेड़ा ने कहा कि प्रदेश संघ ने 21 अगस्त को सभी विभगाध्यक्ष को 7 सितम्बर से आंदोलन का ज्ञापन दिया था, लेकिन अभी तक संघ के पत्र का कोई संज्ञान नहीं लिया गया है। इसलिये आंदोलन के चतुर्थ चरण में गुरूवार से प्रदेश के समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बिना अन्न ग्रहण किये अपनी डयूटी तब तक करते रहेंगे, जब तक कर्मचारियों की मांगों का निस्तारण नही हो जाता।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अपना सबसे नया एसयूवी पेश किया

**संवाददाता** देहरादून। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज अपना सबसे नया एसयूवी पेश किया। पूरी तरह नई टोयोटा अर्बन क्रूजर इस वर्ग में अपनी पेशकश को दुरुस्त करेगी और युवा ग्राहकों की बढ़ती संख्या की जरूरतें पूरी करेगी। टोयोटा अर्बन क्रूजर वैश्विक टोयोटा–सुजुकी गठजोड़ के तहत भारत में पेश किया जाने वाला दूसरा मॉडल है। इससे पहले प्रीमियम हैचबैक टोयोटा ग्लांजा पेश की गई थी जिसे खूब पंसद किया गया और बेहद सफल रही। अर्बन क्रूजर को आज के यंग अचीवर्स के लिए डिजाइन किया गया है जो कुछ करना चाहते हैं और इस अवधारणा में विश्वास करते हैं कि सम्मान की बात अलग है। बहुप्रतीक्षित कौमपैक्ट एसयूवी को आज एक आयोजन के दौरान पेश किया गया।

## विवाहिता ने दुधमुंहे बेटे के साथ चंडी पुल पहुंचकर गंगा में लगाई छलांग

**संवाददाता** हरिद्वार। हरिद्वार पहुंच बिजनौर निवासी एक महिला ने अपने दुधमुंहे बेटे के साथ गंगा में कूद गई। गनीमत रही कि यहां मौजूद कुछ युवकों ने उसे देख लिया और चेतक पुलिसकर्मियों की मदद से महिला और उसके बेटे को गंगा नदी से बाहर निकाला। उनकी हालत खतरे से बाहर है। बताया जा रहा है कि महिला पति से झगड़े के बाद से ही मायके में रह रही थी।

बिजनौर के कल्याणपुर, नगीना निवासी रुबीना(बिजनौर) की शादी दो साल पहले स्योहारा बिजनौर निवासी सलमान के साथ हुई थी। पति से झगड़ा होने के बाद वो अपने एक साल के बेटे शादाब को लेकर मायके आ गई। पुलिस के मुताबिक जब मायके

**पुलिसकर्मियों की मदद से महिला और उसके बेटे को गंगा नदी से बाहर निकाला**

वालों ने उसे वापस ससुराल जाने को कहा तो वह ससुराल जाने की जगह बुधवार सुबह हरिद्वार आ गई।

बेटे को लेकर यहां स्थित चंडी पुल के पास पहुंचकर महिला ने अचानक छलांग लगा दी। घाट पर नहा रहे कुछ युवकों और चेतक पुलिसकर्मियों ने उसे बचा लिया। शहर कोतवाल अमरजीत सिंह ने बताया कि विवाहिता और उसके बेटे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों की हालत खतरे से बाहर है। फिलहाल, मायके वालों को सूचना दे दी गई है।




### शहर की घनी आबादी के बीच गुलदार दिखने से दहशत मे लोग

**संवाददाता** पिथौरागढ़। शहर के रई क्षेत्र मे मंगलवार देर रात गुलदार के दिखने से शहर के लोगो मे दहशत का माहौल दिखा है। गुलदार के गली मे चक्कर लगाने की तस्वीर सीसीटीवी कैमरा मे कैद हुई है। शहर की घनी आबादी के बीच गुलदार दिखने से मोहल्ले के नगर वासियो ने वन विभाग के प्रति गहरी नाराजगी देखने को मिली है।

## यौन शोषण के आरोपों से घिरे विधायक नेगी ने कहा–कोर्ट में सबकुछ साफ हो जाएगा

**संवाददाता**

नैनीताल। महिला द्वारा यौन शोषण के आरोप की वजह से चर्चा में रहने द्वाराहाट के भाजपा विधायक महेश नेगी का कहना है कि मामले की विवेचना चल रही है। मुझे अपनी न्यायिक व्यवस्था पर पूरा भरोसा है। वहां दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि वह भी इस मामले को लेकर न्यायालय में गए हैं। विपक्ष द्वारा विधानसभा में सवाल उठाने के प्रश्न पर उन्होंने गोलमोल जवाब दिया। विधायक नेगी बुधवार को विधानसभा के सत्र में नैनीताल एनआईसी से वर्चुअली जुड़े और सीने में दर्द होने की वजह से



करीब 12 बजे चले गए। एनआईसी से ही कैबिनेट मंत्री यशपाल आर्य व विधायक संजीव आर्य भी विधानसभा सत्र में हिस्सा ले रहे हैं। विधायक नेगी ने बताया कि सत्र में दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई।

द्वाराहाट के विधायक पर शारीरिक शोषण का आरोप लगाने के वाली महिला की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट ने रोक रोक लगाते हुए सरकार से 12 अक्टूबर तक जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। महिला के अधिवक्ता की ओर से कहा गया कि महिला सिर्फ बच्चे के अधिकार के लिए लड़ रही है।

विधायक की पत्नी की ओर से मामला रफा दफा करने को लेकर पैसे ऑफर किए गए थे। सरकार की ओर से महिला के बच्चे की डीएनए टेस्ट रिपोर्ट को फर्जी करार दिया गया है। विधायक की पत्नी की तहरीर पर पीड़िता व उसके दो अन्य सगे लोगों ने याचिका दायर कर उनके खिलाफ देहरादून के नेहरू कॉलोनी थाने में नौ अगस्त को एफआईआर दर्ज की गई थी।

### फोर्ड ने प्रस्तुत किया एन्डीवर का स्पेशल स्पोर्ट एडिशन

**संवाददाता** देहरादून। बोल्ड, ब्लैक एक्सटीरियर के साथ बहुप्रतीक्षित फोर्ड एन्डीवर का स्पेशल एडिशन अब किसी भी मार्ग पर जाने के लिए तैयार है। यह स्पेशल एडिशन भारत में 35.10 लाख रु. में मिलेगा। इसके एक्सटीरियर में अनेक आकर्षक बदलाव किए गए हैं। फोर्ड एन्डीवर स्पोर्ट फोर्ड एन्डीवर वाहन की श्रृंखला में नया टॉप ट्रिम वैरिएंट होगा, जो केवल ऑल व्हील ड्राईव या 4x4 ड्राईवलाईन के साथ मिलेगा। फोर्ड इंडिया में एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर ऑफ मार्केटिंग, सेल्स व सर्विस, विनय रैना ने कहा, ''ब्लैक कलर में फोर्ड एन्डीवर स्पोर्ट बहुत बोल्ड स्टेटमेंट पेश करती है, फिर चाहे सप्ताह के दिनों में आपकी रोजमर्रा यात्रा हो या फिर वीकेंड की ऑफरोड एडवेंचर ट्रिप।'' उन्होंने कहा, ''हम फोर्ड एन्डीवर में भरोसा रखने के लिए अपने ग्राहकों के आभारी हैं। उम्मीद है कि स्पेशल एडिशन स्पोर्ट द्वारा उनका भरोसा और मजबूत होगा।''